दिन–गुरुवार दिनांक– 07 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का आज विस्तार किया गया। पटना के गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैय्यद अता हसनैन ने बत्तीस मनोनित मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। कैबिनेट में भाजपा कोटे से पन्द्रह, जदयू से तेरह, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास से दो, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा से एक–एक मंत्री को शामिल किया गया है। मंत्रियों ने पहले पांच–पांच और फिर छह–छह के समूह में शपथ ली। सबसे पहले श्रवण कुमार, विजय कुमार सिन्हा, लेसी सिंह, निशांत कुमार और दिलीप जायसवाल ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद रामकृपाल यादव, नीतीश मिश्रा, अशोक चौधरी, दामोदर रावत और संजय सिंह टाईगर को शपथ दिलायी गयी। शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल, सुनील कुमार, श्रेयसी सिंह, मोहम्मद जमा खान, नंद किशोर राम और प्रमोद कुमार ने भी मंत्री पद की शपथ ली। रमा निषाद, संतोष कुमार सुमन, भगवान सिंह कुशवाहा, मदन सहनी और अरूण शंकर प्रसाद को भी राज्यपाल ने शपथ दिलायी। अंत में रामचन्द्र प्रसाद, संजय कुमार, श्वेता गुप्ता, संजय कुमार सिंह, मिथिलेश तिवारी और दीपक प्रकाश ने मंत्री पद की शपथ ग्रहण की।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, जे.पी. नड्डा समेत केन्द्रीय मंत्रिमंडल के कई सदस्य शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मुख्य मंच पर मौजूद थे। इस दौरान गांधी मैदान में भारी संख्या में एनडीए गठबंधन दलों के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल विस्तार में अत्यंत पिछडा वर्ग के सबसे अधिक मंत्री बनाये गये हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से अत्यंत पिछड़ा वर्ग से पांच विधायकों को मंत्री बनाया गया है। जनता दल यू की ओर से चार अत्यंत पिछड़ा वर्ग के विधायकों को मंत्री बनाया गया है। राज्य मंत्रिमंडल में अत्यंत पिछड़े वर्गों के मंत्रियों की कुल संख्या नौ हो गयी है।

————————————————————

सम्राट मंत्रिमंडल में पांच महिला मंत्रियों को जगह दी गयी है। इनमें भाजपा से जमुई विधायक और पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह और मुजफ्फरपुर के औराई से विधायक पूर्व मंत्री रमा निषाद शामिल हैं। वहीं, जदयू कोटे से पूर्णिया के धमदाहा से विधायक और पूर्व मंत्री लेसी सिंह, मधुबनी के फुलपरास से विधायक और पूर्व मंत्री शीला कुमारी और शिवहर से विधायक श्वेता गुप्ता को कैबिनेट में जगह दी गयी है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पटना हवाई अड्डे से समारोह स्थल गांधी मैदान तक सड़क के रास्ते गये। इस दौरान सड़क के दोनों किनारों पर उत्साहित लोगों की भीड़ ने प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक संगठनों की ओर से अलग–अलग जगहों पर पारंपरिक नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दी गयी।

———————————————————

श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम–ईएसआईसी से श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल की शुरूआत की। इस अवसर पर पटना के बिहटा स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चालीस वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिक स्वास्थ्य जांच करा सकते हैं।

———————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में आंधी–बारिश की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने आज भी पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार और बांका समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में तेज हवा के साथ बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना जिले में पचासी किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी के साथ बारिश हुई है। इस अवधि में पूर्वी चम्पारण के तेतरिया में सबसे अधिक उनसठ दशमलव दो मिलीमीटर, सीवान के महाराजगंज में चौवन दशमलव दो और समस्तीपुर के पूसा में बावन दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।